हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, गुरुवार 9 जुलाई 2026


तापमान
अधिकतम 32.0°c
न्यूनतम 26.0°c

**नगर में आज**

- निगम आयुक्त का विकास कार्यों को लेकर शहर का दौरा सुबह 11 बजे
- उपायुक्त सचिन गुप्ता की अधिकारियों के साथ बैठक सुबह 11 बजे
- रोडवेज कर्मचारियों की कर्मचारी भवन में बैठक सुबह 10 बजे


बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी, अस्थल बोहर, रोहतक
बेटियों के लिए फ्री शिक्षा*
फ्री लैपटॉप* (B.Tech., BCA)
BBA | B.Sc. | M.Sc. | M.A. | M.COM. | BAJMC | B.Tech | BCA | B.A. | B.COM. | MBA | MCA
Contact : 9053066601 | Web : www.bmu.ac.in
BMU 68 YEARS Excellence in Higher Education
BABA MASTNATH UNIVERSITY
ADMISSION OPEN
Scan For Admission


## एक्शन में नजर आए पीजीआई डायरेक्टर, ओपीडी व इमरजेंसी का निरीक्षण कर दिए निर्देश

# बोले- इमरजेंसी में मेडिसिन का रखें पर्याप्त स्टॉक, जरूरत पड़ने पर की जाएगी 1 लाख रुपये तक की लोकल परचेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरिभूमि इम्पैक्ट

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के निदेशक डॉ एस के सिंघल ने बुधवार को चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी ओर आपातकालीन विभाग का औचक निरीक्षण किया ओर जरूरी दिशा निर्देशन देते हुए सभी को समय पर ड्यूटी पर आने ओर डाक्टरों ओर पैरामेडिकल स्टाफ को एप्रेन पहनने के आदेश दिए। इसके साथ ही इमरजेंसी में मरीजों को हर सुविधा उपलब्ध करवाने और इमरजेंसी में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने के सख्त निर्देश दिए।

निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल ने कहा कि पीजीआईएमएस रोहतक में मरीजों के इलाज के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध हैं। इमरजेंसी में दवाएं, इंजेक्शन और अन्य जरूरी मेडिकल सामान पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। ओपीडी का औचक निरीक्षण करते हुए डॉ सिंघल ने मरीजों से बातचीत की और डॉक्टरों व स्टाफ से फीडबैक लिया। निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।



रोहतक। चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी और आपातकालीन विभाग का औचक निरीक्षण करते पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एस के सिंघल।

### स्टॉक रजिस्टर भी किए चेक

इमरजेंसी का निरीक्षण करते हुए डॉ. सिंघल ने बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए पीजीआई में विशेष प्रावधान किया गया है। यदि इमरजेंसी में किसी दवा या सामान का स्टॉक कम होता है, तो तुरंत 1 लाख रुपये तक की लोकल परचेज कर उसे तुरंत उपलब्ध कराया जाता है। इससे मरीजों को बाहर से दवा खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि टैबलेट, इंजेक्शन और अन्य सर्जिकल आईटम मिलाकर करीब 555 तरह का मरीजों के इलाज में काम आने वाला सामान उपलब्ध है। निदेशक डॉ एस के सिंघल ने एसएमओ व फार्मासिस्ट का स्टॉक रजिस्टर चेक करते हुए कहा कि आपातकालीन विभाग में मरीजों को न कभी इंजेक्शन, दवाइयों और अन्य सर्जिकल सामान की कमी आने दी थी और न ही भविष्य में आने दी जाएगी, क्योंकि किसी दवा की कमी होता देख तुरंत लोकल मार्केट से परचेज कर ली जाती है।

### रुकना नहीं चाहिए इलाजः डॉ. सिंघल

डॉ. सिंघल ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि कुलपति डॉ एच के अग्रवाल के मार्गदर्शन में हर मरीज को समय पर और मुफ्त इलाज मिले। दवा या किसी अन्य सामान की कमी के कारण मरीज का इलाज नहीं रुकना चाहिए। इसी के लिए फास्ट ट्रैक लोकल परचेज सिस्टम लागू किया गया है। निदेशक ने कहा कि पीजीआई हरियाणा का सबसे बड़ा रेफरल सेंटर है, यहां रोजाना हजारों मरीज आते हैं। ऐसे में दवाओं और उपकरणों की निरंतर सप्लाई सुनिश्चित की जाती है। स्टोर में अधिकतर दवाईयां, इंजेक्शन ओर आवश्यक सर्जिकल दवाएं हर समय उपलब्ध रहती हैं। इसके अलावा इमरजेंसी के लिए अलग से बफर स्टॉक भी रखा जाता है। उन्होंने बताया कि उन्हें खुशी है कि डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ पूरी निष्ठा से ड्यूटी कर रहे हैं।

### बेहतर सेवा ही उद्देश्य

जनसंपर्क विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ मंजूनाथ ने बताया कि ओपीडी में मौजूद मरीजों ने कहा कि उन्हें समय पर डॉक्टर की सलाह, जांच, दवाएं मिल रही हैं और स्टाफ का व्यवहार भी सहयोगात्मक है। डॉ. सिंघल ने कहा कि पीजीआई प्रशासन मरीजों की सेवा को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने चिकित्सकों को कहा कि हमारी कोशिश होनी चाहिए कि गरीब से गरीब व्यक्ति को भी यहां विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा बिना किसी परेशानी के मिले। इसी संकल्प के साथ हम आगे भी काम करें।

# कुत्ता खरीदने आई महिला से फार्म हाउस में दुष्कर्म

## गुरुग्राम से बुला 'ब्रीड' दिखाने के बहाने कमरे में ले गया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक/महम

महंगी नस्ल का कुत्ता खरीदने का शौक एक महिला के लिए दर्दनाक अनुभव बन गया। गुरुग्राम से रोहतक पहुंची 29 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया है कि कुत्ता दिखाने के बहाने उसे गांव खरकड़ा स्थित एक फार्म हाउस पर ले जाया गया, जहां आरोपी ने कमरे में बंद कर उसके साथ दो बार दुष्कर्म किया। महिला का कहना है कि विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। मौका मिलते ही वह बाथरूम में गई और वहीं से पुलिस कंट्रोल रूम तथा अपनी सहेली को फोन कर घटना की जानकारी दी। शिकायत के आधार पर महम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह गुरुग्राम की रहने वाली है और अपनी एक सहेली से मिलने रोहतक की देव कॉलोनी आई हुई थी। उसे कुत्ते पालने का शौक है, इसलिए उसने सहेली से अच्छी नस्ल का कुत्ता खरीदने की इच्छा जताई। इस पर सहेली ने एक युवक का मोबाइल नंबर दिया और बताया कि वह फार्म हाउस चलाता है, जहां विभिन्न नस्लों के कुत्ते उपलब्ध हैं। महिला ने बताया कि उसने युवक से फोन पर संपर्क किया तो उसने उसे मिलने के लिए मदीना स्कूल के पास बुलाया।

### कार में बैठाकर ले गया फार्म हाउस

महिला के अनुसार वह रात करीब आठ बजे पीजी से बस के जरिए मदीना पहुंची और वहां से ऑटो लेकर तय स्थान पर पहुंच गई। कुछ देर बाद आरोपी कार लेकर आया और कुत्ता दिखाने की बात कहकर उसे गांव खरकड़ा स्थित अपने फार्म हाउस पर ले गया। पीड़िता का कहना है कि फार्म हाउस पर पहले से कुछ अन्य लोग भी मौजूद थे। इसके बावजूद आरोपी उसे एक कमरे में ले गया और कहा कि वह कुत्ता लेकर आता है। महिला का आरोप है कि कुछ देर बाद आरोपी कमरे में वापस आया और अंदर से दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद उसने जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला के अनुसार कुछ समय बाद आरोपी ने दूसरी बार भी उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी।

### पुलिस और सहेली को दी सूचना

महिला ने शिकायत में बताया कि आरोपी की नजर बचाकर वह बाथरूम में चली गई। वहीं से उसने पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल कर पूरी घटना की जानकारी दी। साथ ही अपनी सहेली को भी फोन कर मदद मांगी। पुलिस को सूचना मिलने की भनक लगते ही आरोपी फार्म हाउस से फरार हो गया।

### महंगे पशुओं का फार्म चलाने का दावा

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आरोपी गांव खरकड़ा में एक फार्म हाउस संचालित करता है, जहां महंगी नस्ल की गाय, भैंस और अन्य पशु रखे जाते हैं। क्षेत्र में उसकी पहचान पशुओं की खरीद-फरोख्त करने वाले व्यक्ति के रूप में बताई जा रही है। पुलिस इस संबंध में भी तथ्यों की जांच कर रही है।

### केस दर्ज, आरोपी की तलाश में दबिश

महम थाना पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी फिलहाल फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। साथ ही घटनास्थल और अन्य साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है।

# बिजली निगम ने सड़क पर खड़े किए 'यमराज'

## आज भैंस मरी, अब किसी इंसान की बारी का है इंतजार?

- दिल्ली रोड से ओमेक्स होते हुए मेन रोड तक ढाई किमी में 52 स्ट्रीट लाइट पोल
- अधिकांश खंभों पर नंगे पड़े हैं तार, सुबह गाय और शाम को भैंस की मौत ने उजागर की निगम की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिल्ली रोड से ओमेक्स होते हुए मेन रोड तक जाने वाली करीब ढाई किलोमीटर लंबी डबल रोड अब लोगों के लिए सुरक्षित नहीं, बल्कि मौत का रास्ता बनती जा रही है। सड़क के बीच बने डिवाइडर पर लगे 52 स्ट्रीट लाइट पोलों में से अधिकांश के निचले हिस्से में बिजली के तार खुले पड़े हैं और उनमें करंट दौड़ रहा है। बुधवार को इसी घातक लापरवाही ने एक किसान की भैंस की जान ले ली। इससे कुछ ही घंटे पहले इसी स्थान के आसपास एक गाय भी करंट की चपेट में आकर मर गई।

लगातार दो पशुओं की मौत ने साफ कर दिया है कि यहां किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है। क्या बिजली निगम किसी इंसान की जाना जाने का इंतजार कर रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि सड़क के एक तरफ करीब दो हजार आबादी वाला गढ़ी माजरा गांव है तो दूसरी तरफ सेक्टर-27, गांव और सेक्टर के लोग रोज इसी सड़क से आवाजाही करते हैं। बच्चे स्कूल जाते हैं, महिलाएं और बुजुर्ग सड़क पार करते हैं, जबकि सेक्टर के लोग भी गांव में दूध और अन्य जरूरतों के लिए आते-जाते हैं। ऐसे में खुले करंट वाले पोल किसी भी समय किसी मासूम, बुजुर्ग या राहगीर की जान ले सकते हैं।







### पूंछ तार से छूते ही गई भैंस की जान, मालिक बाल-बाल बचा

गढ़ी माजरा निवासी समंदर सिंह अपनी भैंस को नहलाने और पानी पिलाने के लिए सड़क पार बने तालाब की ओर ले जा रहे थे। जैसे ही भैंस डिवाइडर पर लगे स्ट्रीट लाइट पोल के पास पहुंची, उसकी पूंछ खुले बिजली के तार से छू गई। तार में तेज करंट दौड़ रहा था और कुछ ही सेकंड में भैंस वहीं गिर गई और मौके पर ही उसकी जान चली गई। समंदर करंट को भांप गया, इसलिए बच गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। ग्रामीणों का कहना है कि यह हादसा नहीं बल्कि बिजली निगम की सीधी लापरवाही का नतीजा है। ग्रामीणों के अनुसार इसी स्थान के पास बुधवार सुबह एक गाय भी करंट की चपेट में आकर मर गई थी। जब लगातार मौतें हो रही हैं तो आखिर जिम्मेदार अधिकारी किस घटना का इंतजार कर रहे हैं।

### बिछा है मौत का जाल

गढ़ी माजरा गांव और सेक्टर-27 के बीच यह सड़क रोज हजारों लोगों की आवाजाही का रास्ता है। गांव के बच्चे, किसान, महिलाएं और बुजुर्ग इसी रास्ते से गुजरते हैं। दूसरी ओर सेक्टर के लोग भी दूध और अन्य जरूरतों के लिए गांव आते हैं। डिवाइडर पर खुले करंट वाले तार हर गुजरने वाले व्यक्ति के लिए खतरा बने हुए हैं। यदि किसी बच्चे ने अनजाने में तार को छू लिया या कोई राहगीर फिसलकर खंभे से टकरा गया तो परिणाम बेहद भयावह हो सकते हैं। रीब ढाई किलोमीटर लंबे इस डबल रोड पर डिवाइडर में 52 स्ट्रीट लाइट पोल लगे हैं। इनमें से अधिकांश खंभों के निचले हिस्से में बिजली की वायरिंग खुली हुई है। कई जगह तार बाहर लटक रहे हैं और उनमें करंट दौड़ रहा है। इतनी बड़ी संख्या में खुले बिजली कनेक्शन यह साबित करते हैं कि रखरखाव केवल कागजों तक सीमित है और मौके पर सुरक्षा व्यवस्था लगभग नदारद है।

### दो हजार लोग रोज खतरे से गुजरने को मजबूर

इस घटना ने बिजली निगम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गढ़ी माजरा और सेक्टर-27 के बीच यह सड़क हर दिन हजारों लोग पार करते हैं। अब केवल तार ढंक देना पर्याप्त नहीं होगा। जरूरत इस बात की है कि पूरे रोड के सभी स्ट्रीट लाइट पोलों का तत्काल सुरक्षा ऑडिट कराया जाए, खुले तारों को तुरंत ठीक किया जाए और लापरवाही के लिए जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

### इन सवालों के जवाब दे बिजली निगम

- सड़क के 52 स्ट्रीट लाइट पोलों की आखिरी बार सुरक्षा जांच कब हुई थी?
- अधिकांश पोलों के नीचे खुले बिजली के तार होने के बावजूद इन्हें ठीक क्यों नहीं कराया गया?
- क्या बिजली निगम को पहले भी खुले तारों या करंट की शिकायतें मिली थीं, यदि हां, तो कार्रवाई क्या हुई?
- इन स्ट्रीट लाइट पोलों के रखरखाव की जिम्मेदारी किसकी है?
- क्या विभाग नियमित सुरक्षा ऑडिट करता है? यदि करता है तो इस सड़क की ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जाती?
- दो बेजुबान पशुओं की मौत के बाद जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होगी?
- यदि इसी करंट की चपेट में कोई बच्चा, महिला या बुजुर्ग आ जाता, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता?
- क्या पूरे ढाई किलोमीटर के सभी 52 पोलों की तत्काल तकनीकी जांच कर उन्हें सुरक्षित बनाया जाएगा।
- निगम यह गारंटी देगा कि अब किसी अन्य पोल में करंट नहीं दौड़ रहा है?

**सुविधा** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 3 करोड़ से बन रहा जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र

# नागरिक अस्पताल में किशोरों को एक छत के नीचे मिलेगा इलाज, सरकार उठाएगी सारा खर्च

विजय अहलावत ▶▶| रोहतक

खास खबर

किसी बच्चे की जन्मजात बीमारी, सुनने या देखने में कमी, बोलने में दिक्कत, कुपोषण या विकास में देरी यदि समय रहते पहचान ली जाए तो उसका भविष्य पूरी तरह बदल सकता है। इसी सोच को साकार करने के लिए नागरिक अस्पताल में लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) के भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसके शुरू होने के बाद जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को जांच, उपचार, थेरेपी, परामर्श और फॉलो-अप जैसी सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत इन सेवाओं का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। नागरिक अस्पताल में दूसरी मंजिल पर संचालित जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की शीघ्र पहचान कर समय पर उपचार और प्रारंभिक हस्तक्षेप सुनिश्चित करना है, ताकि गंभीर बीमारियों और विकलांगता के जोखिम को कम किया जा सके। वर्तमान में बच्चों को विभिन्न जांच और विशेषज्ञ सेवाओं के लिए अलग-अलग अस्पतालों या विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, लेकिन डीईआईसी एक छत के नीचे शुरू होने के बाद यह व्यवस्था एकीकृत रूप में उपलब्ध होगी।




### विशेषज्ञ करेंगे मूल्यांकन

डीईआईसी में जन्मजात दोष, पोषण संबंधी कमियां, विभिन्न बीमारियां तथा विकासात्मक विलंब व विकलांगताओं सहित चार प्रमुख श्रेणियों के अंतर्गत आने वाली समस्याओं की पहचान और उपचार किया जाएगा। यहां कटे होंठ एवं तालु, क्लब फुट, जन्मजात हृदय रोग, एनीमिया, विटामिन ए की कमी, गंभीर कुपोषण, दंत एवं त्वचा रोग, अस्थमा, श्रवण एवं दृष्टि दोष, वाणी और भाषा विकार, ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी तथा सीखने में कठिनाई जैसी समस्याओं का विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा।

### ये सुविधाएं मिलेंगी, ये विशेषज्ञ रहेंगे मौजूद

केंद्र में बच्चों की विस्तृत चिकित्सीय जांच, प्रयोगशाला परीक्षण, श्रवण एवं दृष्टि परीक्षण, मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, पोषण परामर्श, पुनर्वास सेवाएं तथा जरूरत पड़ने पर उच्च स्तरीय अस्पतालों में रेफरल की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उपचार के बाद बच्चों की नियमित फॉलो-अप व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। डीईआईसी में बाल रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी, दंत चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट, मनोवैज्ञानिक, ऑडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थेरेपिस्ट, ऑप्टोमेट्रिस्ट, विशेष शिक्षक, स्टाफ नर्स, सामाजिक कार्यकर्ता और डेटा एंट्री ऑपरेटर सहित बहु-विषयक विशेषज्ञों की टीम सेवाएं देगी। इससे बच्चों का समग्र मूल्यांकन और उपचार एक ही स्थान पर संभव हो सकेगा।

### यहां से रेफर होंगे बच्चे

इस केंद्र में बच्चों को स्वास्थ्य संस्थानों, प्रसव केंद्रों, नवजात इकाइयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, सरकारी विद्यालयों, मोबाइल स्वास्थ्य दलों, आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं के माध्यम से रेफर किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर उन्हें उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थानों में भेजने की व्यवस्था भी रहेगी।

### नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाएगी। सेंटर एक छत के नीचे शुरू होने से बीमारियों की समय पर पहचान होगी, जिससे विकलांगता और गंभीर जटिलताओं को काफी हद तक रोका जा सकेगा। विशेषज्ञ सेवाओं के लिए अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।
**-रेनू काम्बोज,** प्रबंधक, जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र

# स्कूल के गेट से 10वीं की छात्रा का अपहरण

**रोहतक।** जिले के कलानौर थाना क्षेत्र में स्कूल जा रही 10वीं कक्षा की एक 14 वर्षीय छात्रा के कथित अपहरण से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों का आरोप है कि दो युवक स्कूल के मुख्य गेट के बाहर कार लेकर पहुंचे और छात्रा को जबरदस्ती वाहन में बैठाकर अपने साथ ले गए। घटना के कुछ घंटे बाद आरोपियों ने परिवार को फोन कर कथित तौर पर जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है। पीड़ित छात्रा के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके तीन बच्चे हैं और सबसे छोटी बेटी 10वीं कक्षा की छात्रा है। रोज की तरह वह सुबह स्कूल के लिए घर से निकली थी। आरोप है कि जैसे ही वह स्कूल के मुख्य द्वार के पास पहुंची, उसी समय कार में सवार दो युवक वहां आए। परिजनों के अनुसार दोनों की पहचान सनी और सोहेल के रूप में हुई है।

### परिवार को फोन कर दी धमकी

बेटी के अचानक गायब होने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। दोपहर ढाई बजे आरोपियों का फोन आया और परिवार को धमकी देते हुए कहा कि जो करना है कर लेना, इसके बाद परिवार ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही कलानौर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में आरोपियों की तलाश कर रही है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।




LAND FOR SALE
Near PDM University
HITEN PRABHU LATHER
73025 51809

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेता पंकज सचदेवा का निधन



**रोहतक।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सीताराम सचदेवा के पुत्र पंकज सचदेवा टिंचू रोहतक शहरी व्यापारमंडल अध्यक्ष व कांग्रेस के शहरी महासचिव का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और समाजसेवी संस्थाओं ने शोक प्रकट किया है। पंकज लम्बे समय से कांग्रेस से जुड़े हुए थे और कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

### आर्य स्कूल ने 200 पौधे लगाने का संकल्प लिया

**महम।** मदीना के आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने बरसाती सीजन में 200 पौधे लगाने का संकल्प लिया है। प्रिंसिपल अशोक दांगी ने विद्यार्थियों से इस वर्षा ऋतु में कम से कम दो पौधे लगाने की शपथ दिलवाई। बताया कि स्कूल की ओर से इस वर्ष विशेष पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत स्कूल के बच्चे व अध्यापक ग्राम पंचायत मदीना कोरसान के सहयोग से 200 छायादार पेड़ों के पौधे लगाएंगे ओर साथ ही साथ उनकी देखभाल भी करेंगे।

### संपत्तिकर बकायादारों को राहत 75% ब्याज माफी योजना लागू

**रोहतक।** नगर निगम क्षेत्र के संपत्तिकर बकायादारों को बड़ी राहत देते हुए बकाया संपत्तिकर पर लगने वाले ब्याज में 75 प्रतिशत तक की माफी देने की विशेष योजना लागू की है। यह योजना वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के लंबित संपत्तिकर बकाया मामलों पर लागू होगी। इस योजना का लाभ 31 अगस्त, 2026 तक लिया जा सकता है। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना बकाया जमा कर इस विशेष छूट का अधिकतम लाभ उठाएं। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र दुहन ने बताया कि यह राहत केवल उन संपत्तिधारकों को मिलेगी जो 'संपत्तिकर का बकाया भुगतान एवं बेबाकी प्रमाणपत्र प्रबंधन प्रणाली (एनडीसी) पोर्टल' पर अपनी संपत्ति का सेल्फ सर्टिफिकेशन करेंगे और निर्धारण वर्ष 2026-27 तक का संपूर्ण बकाया संपत्तिकर जमा करेंगे।

### अवैध शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में देसी शराब और बीयर बरामद की। शहर थाना पुलिस ने करतारपुरा निवासी रणधीर पुत्र बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से आठ बोतल देसी शराब, 44 क्वार्टर देसी शराब तथा 12 बोतल बीयर बरामद हुई। उधर, शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रेडिएंट गार्डन के समीप स्थित शिव कन्फेक्शनरी पर छापेमारी की। पुलिस ने दुकान संचालक सतेंद्र कुमार को कथित रूप से अवैध रूप से शराब बेचते हुए काबू कर लिया। उससे 40 बोतल तथा 25 हाफ देसी शराब बरामद हुई। पुलिस का कहना है की आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## चार साल की मासूम पर बरपा कहर

# घर में हुआ झगड़ा तो बच्ची को सड़क पर पटका

## वीडियो में दिखी पिता की क्रूरता, थप्पड़ भी जड़े, मासूम के कंधे में फ्रैक्चर, मां बोली- यह हमारा पर्सनल मैटर

**रोहतक।** जिस पिता के कंधों पर बैठकर एक बेटी दुनिया देखती है, उसी पिता ने गुस्से में अपनी चार वर्षीय मासूम बच्ची को सड़क पर पटक दिया। इससे बच्ची के कंधे में फ्रेक्चर आ गया। शहर की इंद्रा कॉलोनी में मंगलवार रात हुई इस घटना ने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी पिता पहले बच्ची को कई थप्पड़ मारता है और फिर उसे दोनों हाथों से उठाकर पक्की सड़क पर पटक देता है। बच्ची दर्द से तड़प उठती है, जबकि उसकी मां दौड़कर उसे गोद में उठाती है। बच्ची को पीजीआईएमएस के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां जांच में उसके कंधे में फ्रैक्चर मिला। अस्पताल में परिजनों ने बच्ची के घायल होने का कारण छत से गिरना बताया। दूसरी ओर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस व सीआईडी की टीम सक्रिय हुई और बच्ची के घर पहुंची। लेकिन बच्ची की मां ने इसे पारिवारिक मामला बताते हुए किसी भी कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया।


पहले ऐसे की पिटाई


फिर उठाकर हवा में उछाला


पक्की सड़क पर पटक दिया


मां ने बच्ची को उठाया


ट्रामा सेंटर लेकर पहुंची

### दर्द से चीखती और तड़पती रही बच्ची

परिवार में किसी बात को लेकर तनाव था। इसी दौरान आरोपी पिता जितेंद्र गुस्से में घर से बाहर निकला। वहां उसकी चार वर्षीय बेटी खड़ी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुस्से में बेकाबू पिता ने बच्ची को पीटना शुरू कर दिया। पहले दो-तीन थप्पड़ जड़े। फिर उसे दोनों हाथों से हवा में उठाकर पूरी ताकत से सड़क पर पटक देता है। बच्ची के सड़क पर गिरते ही वह दर्द से चीख उठती है।

### मां दौड़ी, गोद में उठाकर अस्पताल पहुंचाया

बच्ची के सड़क पर गिरते ही मां तुरंत मौके पर पहुंची। उसने घायल बच्ची को गोद में उठाया और इलाज के लिए अस्पताल ले गई। पीजीआईएमएस रोहतक के ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि बच्ची के कंधे में फ्रैक्चर है। प्राथमिक उपचार के बाद कच्चा प्लास्टर किया गया और उसे घर भेज दिया गया। पुलिस पहुंची तो मां ने कहा कि बच्ची छत से गिरी है।

### घर पहुंची पुलिस, मां बोली-कार्रवाई नहीं चाहिए

घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लिया और सीआईडी की टीम बच्ची के घर पहुंची। बच्ची की मां पूजा ने पुलिस को बताया कि उसका पति शराब पीकर आया था। इसके बाद उसने बेटी के साथ मारपीट कर दी। मां ने कहा कि यह उनका पारिवारिक मामला है और वह पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं चाहती। परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बरेली का रहने वाला है।

# आईएमटी में एक सप्ताह से नहीं उठा औद्योगिक कचरा, उत्पादन पर खतरा

## सफाई व्यवस्था जल्द बहाल न हुई तो आंदोलन को होना पड़ेगा मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक के औद्योगिक क्षेत्र (आईएमटी) में पिछले करीब एक सप्ताह से नगर निगम की ओर से कूड़ा नहीं उठाए जाने से उद्योग संचालकों में रोष है। सड़कों के किनारे और फैक्ट्रियों के बाहर कूड़े के ढेर लगने लगे हैं। आईएमटी वेलफेयर एसोसिएशन ने इसे उद्योगों के प्रति प्रशासन की गंभीर लापरवाही बताते हुए जल्द समाधान की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि उद्योग हर साल सरकार को करोड़ों रुपये का टैक्स देते हैं, लेकिन उन्हें बुनियादी सफाई जैसी सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। आईएमटी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान जोगेंद्र नांदल ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से कूड़ा नहीं उठने के कारण पूरे औद्योगिक क्षेत्र में गंदगी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द सफाई व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो उद्योग संचालकों को आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।


**रोहतक।** यूनिट में रखे गए कचरे को उठान का इंतजार।

### कूड़ा नहीं उठने से क्या हो सकती हैं दिक्कतें

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि लंबे समय तक ठोस कचरा जमा रहता है तो सबसे पहले स्वच्छता प्रभावित होती है। बरसात के मौसम में कूड़े में पानी भरने से दुर्गंध फैलने लगती है और मच्छर, मक्खियां तथा अन्य कीट तेजी से पनपते हैं। इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। प्लास्टिक, कागज और लकड़ी जैसी ज्वलनशील सामग्री खुले में जमा रहने से आग लगने का जोखिम भी बढ़ जाता है। गर्मी या शॉर्ट सर्किट की स्थिति में ऐसा कचरा तेजी से आग पकड़ सकता है, जिससे आसपास की औद्योगिक इकाइयों को नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है।

### कूड़े के ढेरों से मालवाहक ट्रकों की आवाजाही प्रभावित

कूड़े के ढेर सड़कों के किनारे जमा होने से भारी वाहनों और मालवाहक ट्रकों की आवाजाही भी प्रभावित हो सकती है। इससे माल लोडिंग और अनलोडिंग में परेशानी आती है और उत्पादन गतिविधियों पर भी असर पड़ता है। विदेशी और देशी खरीदारों, निवेशकों तथा नए उद्यमियों पर भी गंदे औद्योगिक क्षेत्र की नकारात्मक छवि बनती है। उद्योग संचालकों का कहना है कि आईएमटी को प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में विकसित किया गया है। यहां अनेक इकाइयों में प्रतिदिन हजारों कर्मचारी काम करते हैं। ऐसे में नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखना केवल सौंदर्य का नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, औद्योगिक सुरक्षा और निवेश के माहौल से जुड़ा विषय भी है। एसोसिएशन ने मांग की है कि नगर निगम और संबंधित विभाग तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था कर आईएमटी से कूड़ा उठाना शुरू करें, ताकि औद्योगिक क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे।

### एजेंसी ने कार्यक्षेत्र में नहीं किया शामिल



नगर निगम के सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि इस बार शहर की सफाई का ठेका जिस एजेंसी को दिया गया है, उसके कार्यक्षेत्र में आईएमटी को शामिल नहीं किया गया है। इसी कारण वहां से नियमित कूड़ा उठान नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया गया है और समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार आईएमटी जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में सामान्य घरेलू कचरे के अलावा बड़ी मात्रा में पैकेजिंग सामग्री, कार्डबोर्ड, प्लास्टिक रैपर, लकड़ी के पैलेट, धातु के स्क्रैप, रबर, कैंटीन का जैविक कचरा और बागवानी से निकलने वाला हरा कचरा उत्पन्न होता है।



### पुलिस टीम ने शहर की डीएलएफ कॉलोनी की लाइब्रेरी में विद्यार्थियों को किया जागरूक

**रोहतक।** युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाने के उद्देश्य से पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने बुधवार को डीएलएफ कॉलोनी स्थित लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करने का संदेश दिया गया। सहायक उपनिरीक्षक मोहन के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में नशा मुक्ति टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि नशीले पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। टीम ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखकर सही दिशा देना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसी उद्देश्य से जिलेभर में लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि नशे की लत व्यक्ति की आर्थिक, मानसिक और शारीरिक स्थिति को कमजोर कर देती है। धीरे-धीरे यह लत इंसान को बीमारियों की ओर धकेल देती है और उसका भविष्य भी प्रभावित होता है। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे ड्रग्स, नशीली दवाओं, गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस तथा अन्य मादक पदार्थों से पूरी तरह दूरी बनाए रखें और अपनी ऊर्जा शिक्षा व बेहतर भविष्य के निर्माण में लगाएं। नशा मुक्ति टीम ने यह भी बताया कि जो लोग नशे की लत छोड़ना चाहते हैं, उन्हें चिकित्सकीय परामर्श और काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।कार्यक्रम के अंत में टीम ने विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों से अपील की कि यदि उनके आसपास कहीं भी नशीले पदार्थों की बिक्री या तस्करी की जानकारी मिले तो तुरंत डायल-112 पर सूचना दें।

### स्वास्थ्य विभाग की कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ हुंकार, लोगों को किया जागरूक

**रोहतक।** कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुप्रथा के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की ओर से सुनारिया खुर्द के रतनपुरी मोहल्ले में जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमला वर्मा के दिशा-निर्देश तथा पीएचसी करौंथा के तहत आयोजित इस अभियान का नेतृत्व सीएचसी काहनौर की एसएमओ डॉ. नीना इंदौरा और मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रीति मोर ने किया। रैली में स्वास्थ्य विभाग की टीम, आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, महिलाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने पूरे मोहल्ले में रैली निकालकर बेटियों के सम्मान, समान अधिकार और कन्या भ्रूण हत्या रोकने के संदेश वाले नारे लगाए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि भ्रूण का लिंग परीक्षण करवाना और करना कानूनन अपराध है तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है। अधिकारियों ने सरकार द्वारा बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी और बेटी के जन्म को उत्सव की तरह मनाने का आह्वान किया। अभियान को सफल बनाने में हेल्थ इंस्पेक्टर रविंद्र मलिक, एलएचवी सविता रोहिला, सीएचओ मोहिनी, एएनएम ललिता कुमारी, एमपीएचडब्ल्यू मुकेश कुमार सहित सभी आशा वर्कर्स और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने और बेटियों को समान अवसर देने का सामूहिक संकल्प लिया।





### आगाज चैरिटेबल ट्रस्ट ने झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में जरूरतमंदों को बांटा भोजन

**रोहतक।** समाज सेवा के उद्देश्य से आग़ाज़ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आज झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरित किया गया। ट्रस्ट की प्रधान एडवोकेट ममता रोहिल्ला ने कहा कि संस्था निरंतर जनसेवा के कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है। वितरण कार्यक्रम में ट्रस्ट की सचिव नीरू तथा कोषाध्यक्ष एडवोकेट अजय सचदेवा भी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने ट्रस्ट के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। प्रधान एडवोकेट ममता रोहिल्ला ने कहा कि समाज में ऐसे अनेक परिवार हैं, जिन्हें समय-समय पर सहयोग की आवश्यकता होती है। यदि सक्षम लोग आगे बढ़कर जरूरतमंदों की मदद करें तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आग़ाज़ चैरिटेबल ट्रस्ट भविष्य में भी भोजन वितरण, स्वास्थ्य जांच शिविर, शिक्षा सहायता, पौधारोपण, रक्तदान और अन्य सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उन्हें सहयोग का भरोसा दिलाया।

## न्यूज डायरी

### हरी ओम सेवा दल ने पांच वर्षीय अज्ञात बच्ची को उसके परिवार से मिलवाया

**रोहतक।** हरी ओम सेवा दल द्वारा लगभग 5 वर्ष की एक अज्ञात बच्ची को उपचार के लिए दाखिल कराया गया। बच्ची रेल दुर्घटना में घायल होने के बाद सरकारी अस्पताल, बहादुरगढ़ से रेफर होकर मेडिकल ट्रॉमा सेंटर पहुंची थी। दुर्घटना में बच्ची के पिता का घटनास्थल पर ही निधन हो गया था। बच्ची के शरीर पर गंभीर चोटों के कई निशान थे। ट्रॉमा सेंटर में हरी ओम सेवा दल के सेवादारों द्वारा उसकी देखभाल एवं उपचार में लगातार सहयोग किया गया। संस्था के सदस्यों ने बहादुरगढ़ पुलिस के सहयोग से बच्ची के परिजनों का पता लगाया और उनसे संपर्क कर बच्ची की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी दी। इसके बाद 6 जुलाई को बच्ची की माता मेडिकल पहुंचीं और अपनी पुत्री को अपने संरक्षण में लिया। इस दौरान उन्होंने हरी ओम सेवा दल तथा सभी सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस परिवार मिलन के अवसर पर संस्था के संचालक विजय खुराना, संजय चंढा, मेडिकल इंचार्ज हितेश, रवि, महेन्दर सैनी सहित अन्य सेवादार उपस्थित रहे।




### भाली स्कूल में विद्यार्थियों को पॉक्सो कानून और गुड व बैड टच पर किया जागरूक

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार को गांव भाली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बच्चों के अधिकारों और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देने के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान ने विद्यार्थियों को बताया कि पॉक्सो अधिनियम बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया महत्वपूर्ण कानून है। उन्होंने गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि यदि किसी बच्चे के साथ कोई अनुचित घटना होती है तो उसे बिना डरे अपने अभिभावकों, शिक्षकोंको तुरंत इसकी जानकारी देनी चाहिए।



### नागरिक 14 तक गणना फॉर्म भरें, तभी ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल होगा नामः उपायुक्त

**रोहतक।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत सभी पात्र नागरिकों से 14 जुलाई तक एन्यूमरेशन (गणना) फॉर्म भरने की अपील की है। उन्होंने कहा कि फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि में अब केवल छह दिन शेष हैं। समय रहते फॉर्म जमा करने पर ही नाम 21 जुलाई को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची-2026 में शामिल किया जा सकेगा। उपायुक्त ने कहा कि जिन पात्र नागरिकों ने अभी तक फॉर्म नहीं भरा है, वे अंतिम समय का इंतजार किए बिना इसे जल्द जमा करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदान अधिकार सुरक्षित रहना चाहिए और मतदाता सूची में नाम दर्ज होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



### कर्मचारी हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा, 28 को चंडीगढ़ में होगी वार्ता : शर्मिला

**रोहतक।** प्रदेश के एमपीएचडब्ल्यू (मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर) कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के समाधान तक संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया है। एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला देवी, राज्य महासचिव सहदेव आर्य सांगवान तथा वित्त सचिव धर्मवीर ने संयुक्त रूप से जारी बयान में बताया कि कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए संगठन का आंदोलन लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के हजारों एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों ने लंबित मांगों के समाधान को लेकर 5 जुलाई को रेवाड़ी स्थित स्वास्थ्य मंत्री के रामपुरा हाउस आवास का घेराव किया था। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ने एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को 28 जुलाई को अधिकारियों की मौजूदगी में सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ में वार्ता के लिए आमंत्रित किया है।

### महम में बनेगा अग्रसेन चौक, टेंडर जारी

**महम।** नगर पालिका द्वारा महम शहर में महाराजा अग्रसेन चौक बनाया जाएगा। यह चौक नया बस स्टैंड चौक पर बनेगा। महाराजा अग्रसेन चौक के निर्माण पर 16 लाख 62 हजार 491 रुपए लागत आएगी। महम नगर पालिका ने इसके लिए टेंडर जारी कर दिया है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मंत्री विपुल गोयल ने चौक का शीघ्र निर्माण करने के लिए निकाय विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए हैं। बार बार वे इस बारे में अपडेट ले रहे हैं और खुद रूचि लेकर इस चौक को बनवा रहे हैं। मंत्री विपुल गोयल की महम में रिश्तेदारी है। इसलिए उनका महम के अग्रवाल समाज से विशेष लगाव है। उन्होंने महम के अग्रवाल समाज को यहां महाराजा अग्रसेन चौक बनवाने का आश्वासन दिया था। अब वे महम के अग्रवाल समाज से किया गया वादा पूरा कर रहे हैं। प्रथम चरण में इस चौक का निर्माण किया जाएगा। उसके बाद समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा रखने बारे विचार विमर्श होगा। नया बस स्टैंड चौक पर पहले महाराजा अग्रसेन चौक का निर्माण किया जाएगा। उसके बाद चौक के चारों तरफ ब्लार्ड, ग्रील और चेन लगाई जाएंगी। नगर पालिका अधिकारियों ने कहा है कि चौक बनाने के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है।

### शहर के सात पीड़ित परिवारों ने लगाया धोखाधड़ी का आरोप, न्याय की मांग

**रोहतक।** शहर के सात परिवारों ने कुछ लोगों पर धोखाधड़ी कर दूसरे की मालिकाना जमीन बेचने और कब्जा दिलाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ितों ने मुख्यमंत्री हरियाणा सहित मुख्य सचिव, वित्त आयुक्त, कानून मंत्री, मंडल आयुक्त, डीसी, एसपी और तहसीलदार को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता बिमला देवी, गीता देवी, आशा देवी, पवन कुमार, ममता देवी, मुकेश कुमारी व संतोष कुमारी ने आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने कई वर्षों में अलग-अलग प्लॉटों की रजिस्ट्री कराई, जबकि संबंधित भूमि की वास्तविक मालिकाना स्थिति अलग थी। उन्होंने कहा कि उन्हें मार्च 2026 में सिविल कोर्ट से समन मिलने के बाद पता चला कि जिन प्लॉटों पर उन्होंने मकान बनाए हैं, वे विवादित हैं और उनके खिलाफ दीवानी मुकदमे चल रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जब उन्होंने आरोपियों से संपर्क कर समाधान की बात की तो उन्हें कथित रूप से धमकाया गया और पैसे वापस देने से इनकार कर दिया गया। शिकायतकर्ताओं ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की है।

## मेडिसिन, सर्जरी, सुपर स्पेशलिटी विभाग के कई वरिष्ठ प्रोफेसर लाइन में

# पीजीआई निदेशक डॉ. सिंघल 31 को होंगे रिटायर

**एमएस पद के लिए भी चल रही जोर आजमाइश, राज्य सरकार को लेना होगा अंतिम फैसला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस में इस महीने नेतृत्व परिवर्तन का दौर देखने को मिल सकता है। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके सिंघल 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके कार्यकाल की समाप्ति के साथ ही नए निदेशक की नियुक्ति को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि मेडिसिन, सर्जरी, सुपर स्पेशलिटी, बेहोशी, स्त्री रोग सहित नेत्र रोग विभाग के कई वरिष्ठ प्रोफेसर इस पद की दौड़ में शामिल हैं। हालांकि अंतिम फैसला राज्य सरकार और संबंधित चयन प्रक्रिया के बाद होगा। निदेशक डॉ एसके सिंघल के बेहतरीन कार्यकाल को देखते हुए राज्य सरकार उनके पद पर स्थाई नियुक्ति तक तीन माह से छह माह तक का एक्सटेंशन भी दे सकती है। सबसे बड़ी दावेदारी बेहोशी और सर्जरी विभाग के बीच बताई जा रही है। इससे पहले 30 जून को संस्थान के मेडिकल सुपरिटेंडेंट (एमएस) डॉ. कुंदन मित्तल भी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उन्हें अतिरिक्त कार्यकाल नहीं मिला था, जिसके बाद डॉ. सुधीर अत्री को मेडिकल सुपरिटेंडेंट का कार्यभार सौंप दिया। डॉ. अत्री फिलहाल नियमित नियुक्ति होने तक इस जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं।




### प्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी चिकित्सा शिक्षण एवं स्वास्थ्य संस्थान है पीजीआईएमएस

पीजीआईएमएस हरियाणा का सबसे बड़ा सरकारी चिकित्सा शिक्षण एवं स्वास्थ्य संस्थान माना जाता है। ऐसे में निदेशक का पद चिकित्सा सेवाओं, मेडिकल शिक्षा, शोध गतिविधियों और संस्थान के विकास की दिशा तय करने में भी अहम भूमिका निभाता है। पहले मेडिकल सुपरिटेंडेंट के पद पर बदलाव और अब निदेशक के सेवानिवृत्त होने के बाद नए नेतृत्व के सामने चिकित्सा सेवाओं को और बेहतर बनाने, मरीजों की बढ़ती संख्या के अनुरूप व्यवस्थाओं को मजबूत करने तथा मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने जैसी कई महत्वपूर्ण चुनौतियां होंगी।

चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच

# नूंह ने पलवल को 8 विकेट से हराया

## वसीम अकरम की घातक गेंदबाजी, वीजेडी पद्धति ने मैच किया अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में नूंह की टीम ने वीजेडी पद्धति के तहत पलवल को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। पलवल की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 162 रनों पर ऑलआउट हो गई। पलवल की ओर से कप्तान अखिल सौरत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 114 गेंदों में 11 चौकों की मदद से सर्वाधिक 77 रन बनाए, जबकि पार्थ भड़ाना ने 20 रनों का योगदान दिया। नूंह की ओर से घातक गेंदबाजी करते हुए वसीम अकरम ने 9 ओवर में मात्र 15 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। सलमान खान ने 3 और मोहम्मद शाद फारूख ने 2 विकेट लिए। जवाब में, नूंह की टीम ने दूसरी पारी में दमदार शुरुआत की। नूंह ने 16 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर रन बना लिए थे इसके बाद बारिश के कारण मैच नहीं हो सका और नूह ने वीजेडी नियम से आठ विकेट से मैच जीता।


जय गीर


मोहित

### करनाल ने कैथल को 10 विकेट से दी मात

*दूसरे काबले में करनाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कैथल को 10 विकेट से (वीजेड मेथड के तहत) हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैथल की पूरी टीम 169 रनों पर सिमट गई। कैथल की ओर से डिवाइन मेहता ने 23 और कप्तान अमित मौदगिल ने 21 रन बनाए। करनाल के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ से गेंदबाजी की, जिसमें मोहित कुमार और जय गीर ने 3-3 विकेट झटके, जबकि हर्षित कंबोज और साहिल मल्हा को 2-2 सफलताएं मिलीं।m170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी करनाल की टीम ने बेहद आक्रामक शुरुआत की। कप्तान अर्श कबीर रंगा ने कप्तानी पारी खेलते हुए मात्र 32 गेंदों में 9 चौकों और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 70 रन कूट डाले। दूसरे छोर पर निरमान ने 21 गेंदों में 20 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। करनाल ने बिना कोई विकेट खोए 8.5 ओवर में 102 रन बना लिए थे, जिसके बाद वीजेड मेथड से उन्हें विजेता घोषित कर दिया गया।*

### 13 को आवासीय कुश्ती अकादमी के ट्रायल होंगे

**रोहतक।** सर छोटूराम स्टेडियम स्थित आवासीय कुश्ती खेल अकादमी (बालिका) में रिक्त सीटों को भरने के लिए 13 जुलाई को चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने पात्र बालिका खिलाड़ियों से निर्धारित समय पर ट्रायल में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अकादमी में तीन रिक्त सीटों और पांच प्रतीक्षा सूची की सीटों के लिए 12 से 19 वर्ष आयु वर्ग की बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। ट्रायल 13 जुलाई को सुबह 9 बजे सर छोटूराम स्टेडियम, सोनीपत रोड पर होंगे। चयन प्रक्रिया में अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाली खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाली खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र की मूल व छायाप्रति, दो पासपोर्ट आकार के फोटो तथा अध्ययनरत शिक्षण संस्थान का मूल प्रमाण-पत्र या सत्यापित प्रवेश विवरण साथ लाना होगा।

## आजाद नगर-विशाल नगर के बीच एमडब्ल्यूएसएल तकनीक से चल रहा कार्य

# सवा 7 करोड़ से बिछेगी नई सीवरेज लाइन

## तीन कॉलोनियों के लोगों को मिलेगा फायदा, 15 अगस्त तक पूरा होगा प्रोजेक्ट

- सेक्टर-6 सहित कई क्षेत्रों की वर्षों पुरानी समस्या होगी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



आजाद नगर और विशाल नगर के बीच लंबे समय से बनी हुई सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा करीब 7.25 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक एमडब्ल्यूएसएल तकनीक के माध्यम से नई सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद विशाल नगर, आजाद नगर, सेक्टर-6 सहित आसपास के क्षेत्रों की करीब 30 हजार आबादी को सीवरेज की समस्या से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है। विशेष बात यह है कि इस परियोजना में बिना सड़क की व्यापक खुदाई किए सीवरेज लाइन डाली जा रही है। आधुनिक तकनीक के उपयोग से न केवल निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है, बल्कि यातायात भी अधिक प्रभावित नहीं हो रहा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अब तक लगभग 700 मीटर सीवरेज लाइन बिछाई जा चुकी है और शेष कार्य भी निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को 15 अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कार्य पूरा होने के बाद वर्षों से सीवर ओवरफ्लो, गंदे पानी के सड़क पर जमा होने और दुर्गंध जैसी समस्याओं से जूझ रहे हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। बरसात के दिनों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती थी, जिससे लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो जाता था। निर्माण कार्य के दौरान शहर की सीवरेज व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए विभाग ने फिलहाल अस्थायी व्यवस्था भी की है। वर्तमान में सीवरेज के पानी की निकासी वैकल्पिक प्रणाली के माध्यम से की जा रही है, ताकि लोगों को अतिरिक्त परेशानी का सामना न करना पड़े।

### अब तक बिछाई जा चुकी लगभग 700 मीटर सीवरेज लाइन

#### इस तकनीक में नहीं होती खुदाई

एमडब्ल्यूएसएल तकनीक का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसमें पारंपरिक तरीके की तरह पूरी सड़क को खोदने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इससे सड़कें कम क्षतिग्रस्त होती हैं, निर्माण कार्य कम समय में पूरा होता है और स्थानीय लोगों तथा वाहन चालकों को भी कम असुविधा होती है। यही कारण है कि विभाग ने इस परियोजना में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया है। विशाल नगर, आजाद नगर और सेक्टर-6 में लंबे समय से सीवर ओवरफ्लो एक गंभीर समस्या बनी हुई थी। कई बार गंदा पानी सड़कों और गलियों में भर जाता था, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता था।

#### जानें यह तकनीक कैसे करती है काम?



एमडब्ल्यूएसएल तकनीक के तहत विशेष मशीन की मदद से बिना बड़े पैमाने पर सड़क या जमीन खोदे पाइपलाइन बिछाई जाती है। सबसे पहले मशीन तय दिशा और गहराई पर भूमिगत मार्ग तैयार करती है। इसके बाद उसी मार्ग से स्टील या अन्य प्रकार की पाइप को सुरक्षित तरीके से खींचकर स्थापित किया जाता है। पूरी प्रक्रिया आधुनिक सेंसर और नियंत्रण प्रणाली की निगरानी में होती है, जिससे पाइपलाइन सही दिशा में बिछती है। इस तकनीक से सड़कें कम क्षतिग्रस्त होती हैं, समय और लागत की बचत होती है तथा यातायात और आमजन को होने वाली असुविधा भी काफी कम हो जाती है।

#### लगातार निगरानी की जा रही

परियोजना को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तय समय सीमा में पूरा करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। यदि मौसम सामान्य रहा तो 15 अगस्त तक कार्य पूरा कर नई सीवरेज लाइन को चालू कर दिया जाएगा। इसके बाद करीब 30 हजार लोगों को बेहतर सीवरेज सुविधा मिलेगी और क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही जलभराव एवं सीवर ओवरफ्लो की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। *-मुकेश कुमार, एसडीओ, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग*

## न्यूज डायरी



### एमडीएन पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**रोहतक।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से मंगलवार को एमडीएन पब्लिक स्कूल में 'मेगा वृक्षारोपण अभियान' का आयोजन किया गया। अभियान का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. पंवार के नेतृत्व में हुआ, जिसमें शिक्षकगण, विद्यार्थियों तथा सहायक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने एक-एक पौधा लाकर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया और पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने पौधों को घर या आसपास के उपयुक्त स्थान पर रोपित करें तथा कम-से-कम एक वर्ष तक उनकी नियमित देखभाल करें। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की कोऑर्डिनेटर रानी मलिक, तान्या, पूनम भारद्वाज तथा पायल अरोड़ा सहित समस्त शिक्षकों ने भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी सुरक्षा का संदेश दिया।



### बालियाना में विशाल भंडारे में रोटरी क्लब ऑफ हेरिटेज के सदस्यों ने की श्रद्धालुओं की सेवा

**रोहतक।** गांव बालियाना में रोटरी क्लब ऑफ हेरिटेज के पूर्व प्रधान डॉ. राजीव धमीजा की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक एवं सामाजिक सेवा की भावना से आयोजित इस कार्यक्रम में करीब तीन हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। भंडारे में रोटरी क्लब ऑफ हेरिटेज के सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ सेवा कार्य करते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। क्लब के प्रधान संजय गुप्ता ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं। इस अवसर पर शेखर बत्रा, संजय गुप्ता, संजीव धमीजा, मदन किशोर मेहता, डॉ. राजीव धमीजा, संजय जैन, कृष्ण खेत्रपाल, हरीश भूटानी, प्रदीप रंजन और रमन गिरोत्रा सहित रोटरी क्लब ऑफ हेरिटेज के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

### एडवांटा हॉस्पिटल ने धांधलान में लगाया शिविर 115 ग्रामीणों की जांच कर दवाइयां वितरित की

**रोहतक।** धांधलान गांव में एडवांटा हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 115 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की तथा सभी जरूरतमंदों को अस्पताल के निदेशक मोहित मलिक की ओर से निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर का संचालन डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ. रमेश चंद्र, डॉ. मोहित ढांडा, डॉ. बबीता बरक, डॉ. अर्चना दहिया, डॉ. श्वेता यादव, डॉ. काजल बरक, डॉ. सचिन और मनोज शर्मा की देखरेख में किया गया। इस दौरान ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, शुगर, थायराइड, नाक, कान, गला सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से गांव के सरपंच विजय कुमार अहलावत उर्फ मोधु को 'गांव गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में धांधलान के पूर्व सैनिक दयानंद मान, अनार पहलवान, प्रकाश अहलावत, कैप्टन राजबीर अहलावत तथा हवलदार बलवंत सिंह ने एडवांटा हॉस्पिटल के निदेशक मोहित मलिक और डॉक्टरों की टीम का गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया।



### युवाओं को रोजगार लेने वाले नहीं देने वाला बनना होगाः प्रो. बलराम



**रोहतक।** युवाओं को केवल नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनना होगा। नए विचारों के साथ सहकारिता की भावना अपनाकर ही आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार किया जा सकता है। यह बात दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणि ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के आईएचटीएम सभागार में आयोजित युवा सहकार सम्मेलन 'सहकार : आज का रोजगार' में बतौर मुख्य अतिथि कही। कार्यक्रम में सहकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष राजबीर सिंह गोदारा, महामंत्री डॉ. सौरभ भीष्म तथा कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन हरीश कौशिक ने भी अपने विचार रखे। डॉ. गीतिका ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर आईएचटीएम के निदेशक प्रो. संदीप मलिक, कुलपति के ओएसडी डॉ. रवि प्रभात, विश्वविद्यालय के शिक्षक, पारस शर्मा, कुलदीप, नवीन, टीना, अनिकेत, प्रियंका समेत सहकार भारती के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

### शहीद लोकेंद्र सिंधु को आज प्रथम पुण्य तिथि पर देंगे श्रद्धांजलि

**रोहतक।** भारतीय वायु सेना के शहीद स्क्वाड्रन लीडर लोकेन्द्र सिंधु की प्रथम पुण्यतिथि पर वीरवार को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर परिवार, परिचितों और विभिन्न संगठनों की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। ध्यान रहे कि राजस्थान के चुरू में 9 जुलाई 2025 को हुए विमान हादसे में उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। रोहतक के लिए यह अवसर इसलिए भी विशेष है क्योंकि शहीद का परिवार लंबे समय से शहर से जुड़ा रहा है और उसकी कई पीढ़ियां राष्ट्रसेवा की गौरवशाली परंपरा निभाती आ रही हैं। शहीद के पिता जोगिन्द्र सिंधु महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से अधीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। वहीं उनकी माता अनीता सिंधु राजकीय अध्यापिका के पद से सेवानिवृत्त हैं। परिवार के अनुसार लोकेन्द्र सिंधु बचपन से ही अनुशासित, मेधावी और देशसेवा के प्रति समर्पित थे। वीरवार को आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में परिवार के सदस्य, रिश्तेदार, मित्र और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। रोहतक में भी एमडीयू से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी और शहीद को जानने वाले लोग उनके योगदान और बलिदान को नमन करेंगे।



अफसरों की कार्यशैली पर सियासी घमासान

### नगर निगम व जनस्वास्थ्य विभाग की शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंची

**रोहतक।** नगर निगम और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पब्लिक हेल्थ) के अधिकारियों की कथित लापरवाही का मामला अब मुख्यमंत्री दरबार तक पहुंच गया है। वार्ड-20 के पार्षद प्रवीण कौशिक ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र भेजकर दोनों विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण शहर की मूलभूत सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं, जिससे आम जनता परेशान है और सरकार की छवि पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।


प्रवीण कौशिक

पार्षद ने अपने पत्र में कहा है कि नगर निगम और जनस्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर रहे हैं। शहर में करीब एक वर्ष से पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य अधूरा पड़ा है। कई स्थानों पर खुदाई के बाद काम बीच में छोड़ दिया गया, जिससे लोगों को आवाजाही और पेयजल आपूर्ति दोनों में परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी अधिकारी से कार्य में देरी का कारण पूछा जाता है तो वे यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि सरकार की ओर से काम नहीं कराया जा रहा है। पत्र में शहर की सीवर व्यवस्था को भी गंभीर समस्या बताया गया है। पार्षद के अनुसार कई क्षेत्रों में सीवर जाम और ओवरफ्लो की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन समाधान के बजाय अधिकारियों का एक ही जवाब होता है कि संबंधित कार्य का एस्टीमेट भेज दिया गया है। उनका कहना है कि लंबे समय से यही जवाब दिया जा रहा है, जबकि धरातल पर स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है।

#### सदन की बैठक में ये मुद्दे उठा चुके

*पार्षद प्रवीण कौशिक इससे पहले भी नगर निगम की सदन बैठक में अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठा चुके हैं। उन्होंने सदन में पेयजल, सीवर व्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए अधिकारियों पर जनसमस्याओं की अनदेखी करने के आरोप लगाए थे। अब मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र के बाद यह मामला राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है।*

### नव नियुक्त बीईओ अशोक नांदल का शिक्षक संघ ने किया स्वागत



**रोहतक।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, रोहतक के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रधान रामराज कादयान के नेतृत्व में नव नियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) अशोक नांदल का खंड शिक्षा कार्यालय, रोहतक में गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद हुई इस पहली औपचारिक मुलाकात में शिक्षकों से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक एवं शैक्षणिक मुद्दों पर सकारात्मक माहौल में विस्तार से चर्चा हुई। बीईओ अशोक नांदल ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि शिक्षकों की सभी जायज मांगों तथा कार्यालय से संबंधित कार्यों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य उपप्रधान ललित कुमार, जिला कोषाध्यक्ष विजय हुड्डा, वरिष्ठ उपप्रधान संदीप दहिया, उपप्रधान आशीष, ब्लॉक प्रधान हरिओम (कलानौर), मनोज हुड्डा (रोहतक), विजय (सांपला), उपप्रधान बनीसिंह आदि मौजूद रहे।

### शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए रोटरी क्लब ऑफ रोहतक नेक्स्ट का विद्यादान अभियान



**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक नेक्स्ट द्वारा सामाजिक उत्थान और शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम उठाते हुए स्थानीय गोहाना रोड स्थित शिक्षा भारती स्कूल में विद्यादान अभियान का आयोजन किया गया। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अतुल बंसल ने अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रोटेरियन अतुल बंसल ने कहा कि इस विद्या दान अभियान के तहत स्कूल के 26 जरूरतमंद विद्यार्थियों की वार्षिक फीस का खर्च क्लब द्वारा वहन किया जाएगा। इस छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करने वालों में 15 छात्र एवं 11 छात्राएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि क्लब का प्रयास है कि आर्थिक अभाव के चलते कोई बालक शिक्षा से वंचित न रहे। इस दौरान क्लब सचिव कशिश बंसल, कोषाध्यक्ष सिद्धांत जैन, सदस्य डॉ अपूर्व नरूला, सुमित बंसल, साहिल अरोड़ा, ज्योति बंसल, रजत बख्शी, वैभव जैन, आकाश गर्ग, प्रीतीश बंसल, मोहित जैन, सिद्धार्थ गुप्ता, अंकुर बंसल, डॉ अर्जुन नरूला, अनु बंसल, अंशिका गोयल आदि मौजूद रहे।

### पूर्व वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. राम रतन के निधन पर शोक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के वाणिज्य विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो. राम रतन सैनी का निधन हो गया। उनके निधन से विश्वविद्यालय के शिक्षकों, पूर्व विद्यार्थियों और शिक्षा जगत में शोक की लहर है। वे लंबे समय तक एमडीयू के वाणिज्य विभाग में अध्यापन और शोध कार्य से जुड़े रहे तथा विभागाध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। प्रो. राम रतन सैनी ने अपने शैक्षणिक जीवन में वाणिज्य शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके मार्गदर्शन में अनेक शोधार्थियों ने शोध कार्य पूरा किया और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई। उपरिजनों के अनुसार प्रो. राम रतन सैनी का अंतिम संस्कार रामबाग श्मशान घाट, शीला बाईपास चौक के निकट किया गया। अंतिम संस्कार में परिवार के सदस्यों, शिक्षकोंऔर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों के शामिल होने की संभावना है।


प्रो. राम रतन सैनी

## मलेशिया के कुआलालंपुर में 19 को होगा भारत-पाकिस्तान का महामुकाबला

# संग्राम सिंह ने एशिया चैंपियन टाइटल मुकाबले से पहले पाकिस्तान के आबिद अली को दी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय रेसलिंग के दिग्गज और अपराजित प्रोफेशनल मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए ) फाइटर संग्राम सिंह ने 19 जुलाई को मलेशिया के कुआलालंपुर में होने वाले बहुप्रतीक्षित एशिया चैंपियन टाइटल मुकाबले के लिए हुंकार भर दी है। पाकिस्तान के आबिद अली के खिलाफ होने वाले इस महामुकाबले से पहले संग्राम सिंह ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का तिरंगा बुलंद करना है। कॉम्बैट स्पोर्ट्स जगत में इस मुकाबले को लेकर जबरदस्त चर्चा है और इसका विजेता एशिया चैंपियन का ताज अपने नाम करेगा। इस ऐतिहासिक मुकाबले से पूर्व नई दिल्ली के 'द ललित' होटल में एक भव्य आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान संग्राम सिंह के साथ पीएमएमए मलेशिया के अध्यक्ष इस्माइल मरजुकी बिन, पीएमएमए के सीईओ मोहम्मद हाकिम बिन लुकमान अब्दुल्ला, आयोजन समिति के सदस्य, संग्राम की कोचिंग टीम के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।



#### इतिहास रचने की तैयारी

दो बार के कॉमनवेल्थ हैवीवेट रेसलिंग चैंपियन संग्राम सिंह ने प्रोफेशनल एमएमए में कदम रखने के बाद से लगातार इतिहास रचा है। उनका अब तक का सफर बेहद शानदार रहा हैः

**जॉर्जियाः** अपने पहले ही मुकाबले में पाकिस्तान के अली रजा नासिर को मात्र 90 सेकंड में हराकर सनसनी मचाई।

**नीदरलैंड्सः** ट्यूनीशिया के हाकिम त्राबेल्सी को शिकस्त दी।

**अर्जेंटीनाः** फ्रांस के फ्लोरियन कूडियर को हराकर अर्जेंटीना की धरती पर प्रोफेशनल एमएमए मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय बने और अपना 3-0 का अपराजित रिकॉर्ड कायम रखा।

#### फिट इंडिया व खेल मंत्रालय का समर्थन

रिंग के बाहर भी संग्राम सिंह देश सेवा में सक्रिय हैं। वह खेल मंत्रालय के 'फिट इंडिया आइकन' और आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के 'स्वच्छ भारत और विकसित भारत अभियान' के ब्रांड एंबेसडर हैं। उनके इस अंतरराष्ट्रीय एमएमए अभियान को फिट इंडिया और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय का पूरा समर्थन प्राप्त है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई ) के उप महानिदेशक मयंक श्रीवास्तव (आईपीएस ) ने संग्राम की सराहना करते हुए कहा कि एक सफल पहलवान से अपराजित एमएमए खिलाड़ी बनने तक का उनका सफर देश के लाखों युवाओं को फिटनेस और खेलों की ओर प्रेरित करेगा।

#### एशियाई एमएमए का नया अध्याय

पीएमएमए मलेशिया के अध्यक्ष इस्माइल मरजुकी बिन और सीईओ मोहम्मद हाकिम बिन लुकमान अब्दुल्ला ने इस मुकाबले को एशिया में मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स के भविष्य का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों की खेल संस्कृति बेहद समृद्ध है और यह चैंपियनशिप आने वाले समय में एशिया की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में शामिल होगी। अब पूरे देश की नजरें 19 जुलाई को कुआलालंपुर में संग्राम सिंह की अगली ऐतिहासिक जीत पर टिकी हैं।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- MRI/CT TECHNICIAN 4
- COMPUTER OPERATOR 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- WARD BOY 2
- GATE KEEPER 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel.:- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

प्रथम पुण्यतिथि



शहीद स्क्वैड्रन लीडर लोकेंद्र सिंधु
जन्म- 09 जून 1993 - शहादत- 9 जुलाई 2025
आपकी स्नेहमयी यादें सदैव हमारे दिलों में, दिमाग में महकती रहेंगी।
आपके द्वारा दिखाए गए मार्ग सदैव हमारा मार्गदर्शन करेंगे।
*हम आपको श्रद्धा-सुमन समर्पित करते हुए कोटि-कोटि नमन करते हैं।*
शोकाकुल परिवार
सिंधु परिवार एवं रिश्तेदार
Contact : 9416303583, 8708588543

## घर का ताला तोड़कर चोरी, नकदी जेवर और 55 इंच की एलईडी ले गए चोर

■ दिल्ली गए परिवार के लौटने पर खुला चोरी का मामला

रोहतक। आईएमटी थाना क्षेत्र के गांव बखेता में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर नकदी, चांदी के आभूषण और 55 इंच की एलईडी टीवी चोरी कर ली। वारदात का पता उस समय चला जब मकान मालिक अपनी पत्नी के साथ दिल्ली से वापस घर लौटा। सूचना मिलने पर आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।गांव बखेता निवासी 62 वर्षीय चांद सिंह पुत्र लालचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा योगेश दिल्ली में ईडी विभाग में कार्यरत है, जबकि छोटा बेटा राहुल हरियाणा पुलिस में गुरुग्राम में तैनात है। वह 7 जुलाई को अपनी पत्नी दयावती के साथ बड़े बेटे योगेश के पास दिल्ली गया हुआ था।चांद सिंह ने बताया कि 8 जुलाई सुबह करीब आठ बजे जब वह अपने छोटे बेटे राहुल के साथ घर पहुंचा तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी और संदूक की जांच करने पर चोरी का पता चला।उन्होंने बताया कि चोर अलमारी के लॉकर में रखे दो चांदी के सिक्के, एक चांदी की तागड़ी, एक जोड़ी चांदी की चुटकी और करीब 20 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। इसके अलावा कमरे में रखी 55 इंच की सोनी कंपनी की एलईडी टीवी भी चोर ले गए।घटना के बाद राहुल ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा।

## सांपला में घर के बाहर खड़ी क्रेटा का पहिया खोलकर ले गए बदमाश

■ रेलवे रोड पर मंडी गेट के पास हुई वारदात ईंट के सहारे खड़ी मिली गाड़ी

**रोहतक।** सांपला कस्बे में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब वाहन भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। रेलवे रोड स्थित मंडी गेट के पास घर के बाहर खड़ी एक क्रेटा कार का पिछला पहिया खोलकर चोर फरार हो गए। सुबह जब वाहन मालिक ने गाड़ी देखी तो उसका एक पहिया गायब था और गाड़ी को ईंट के सहारे खड़ा किया गया था। शिकायत मिलने पर सांपला थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर-3, सांपला निवासी संजय कुमार पुत्र उदेराम ने बताया कि उसकी काले रंग की क्रेटा कार 6 जुलाई को दिन के समय घर के नीचे रेलवे रोड स्थित मंडी गेट के पास खड़ी थी। अगले दिन 7 जुलाई की सुबह करीब आठ बजे जब वह गाड़ी के पास पहुंचा तो देखा कि गाड़ी का पीछे दाईं ओर का पहिया गायब था। चोर पहिया खोलकर ले गए और वाहन को नीचे ब्लॉक की ईंट लगाकर छोड़ गए। पीड़ित ने बताया कि उसने तुरंत पुलिस चौकी पहुंचकर शिकायत दी और चोरी हुए पहिए की बरामदगी तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सांपला पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खरावड़: सूने मकान से लाखों के जेवर एक लाख नकदी और डीवीआर चोरी

■ परिवार गया था गुरुग्राम शीतला माता मंदिर, पीछे से हुई वारदात

■ खिड़की का शीशा तोड़कर घर में घुसे चोर, अलमारी भी खंगाली

**रोहतक।** आईएमटी थाना क्षेत्र के गांव खरावड़ में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर, एक लाख रुपये की नकदी और सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर चोरी कर ली। वारदात का पता उस समय चला जब परिवार गुरुग्राम स्थित शीतला माता मंदिर से दर्शन कर वापस घर लौटा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव खरावड़ निवासी दीपक पुत्र जयपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 7 जुलाई शाम करीब साढ़े छह बजे परिवार के साथ गुरुग्राम स्थित शीतला माता मंदिर गया था। 8 जुलाई सुबह करीब सात बजे जब वह वापस घर पहुंचा तो मकान के पीछे तालाब की ओर लगे जंगले का शीशा टूटा हुआ मिला। जंगले की ग्रिल भी कटी हुई थी।घर के अंदर जाने पर लकड़ी की अलमारी का ताला टूटा मिला। जांच करने पर अलमारी में रखी करीब एक तोला सोने की चेन, आधा तोला सोने के टॉप्स, सोने का मंगलसूत्र, सोने का ऊं, चांदी की पाजेब, तागड़ी, चेन, सिक्के, अंगूठी और बच्चों के चांदी के कड़े गायब मिले। इसके अलावा चोर एक लाख रुपये नकद और घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी ले गए। पीड़ित ने अपने स्तर पर तलाश करने के बाद पुलिस को शिकायत दी और एक रिश्तेदार पर शक भी जताया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। आईएमटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल और आसपास के सुरागों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

## दो दिन में डंपर चोरी का खुलासा: रिठाल से उड़ाया वाहन, सोनीपत का आरोपी गिरफ्तार

■ चोरीशुदा डंपर किया बरामद, सदर थाना पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दबोचा आरोपी



**रोहतक।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**रोहतक।** गांव रिठाल में प्लॉट से डंपर चोरी करने के मामले में रोहतक पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा डंपर भी बरामद कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से नियमानुसार आगे की कार्रवाई की गई। पुलिस अब उससे पूछताछ कर चोरी की वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। गांव रिठाल निवासी वजीर की शिकायत पर सदर थाना में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने 26 जून को रिठाल-आवली रोड स्थित अपने प्लॉट में डंपर खड़ा किया था। 28 जून की सुबह जब वह प्लॉट पर पहुंचा तो डंपर वहां नहीं मिला। अज्ञात व्यक्ति वाहन चोरी कर मौके से फरार हो गया था। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक संदीप को सौंपी गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर कार्रवाई करते हुए 7 जुलाई को सोनीपत जिले के गांव भैसवाल कलां निवासी अमित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर चोरी किया गया डंपर भी बरामद कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी को अदालत में पेश किया गया है और मामले की गहनता से जांच जारी है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी ने वारदात अकेले अंजाम दी थी या उसके साथ अन्य लोग भी शामिल थे। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी का वाहन चोरी की अन्य घटनाओं से कोई संबंध तो नहीं है।

# जिले में दूसरे दिन भी बारिश, फसलों को राहत, जलभराव ने बढ़ाई परेशानी

■ रोहतक में 7, सांपला में 8 और कलानौर में 3 एमएम और लाखनमाजरा में एक एमएम बारिश हुई

## महम में आफत, सड़कों पर धंसे वाहन

### बरसात में डूबा 'विकास' रोडवेज बसें और प्राइवेट स्कूलों की बसें कीचड़ में फंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी बारिश का दौर जारी रहा, लेकिन अधिकांश क्षेत्रों में केवल हल्की बूंदाबांदी ही हुई। सबसे अधिक 29 एमएम बारिश महम क्षेत्र में दर्ज की गई, जिससे धान और अन्य खरीफ फसलों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। इसके विपरीत रोहतक शहर में 7 एमएम, सांपला में 8 एमएम, कलानौर में 3 एमएम और लाखनमाजरा क्षेत्र में केवल 1 एमएम बारिश हुई। किसानों का कहना है कि जिले के अधिकांश हिस्सों में हुई बारिश फसलों की जरूरत के मुकाबले काफी कम है। वहीं, शहरी क्षेत्रों में जलभराव से लोग परेशान रहे। धान की रोपाई कर चुके किसानों का कहना है कि हल्की बारिश से खेतों में केवल सतही नमी आई है। धान की फसल के लिए खेतों में लगातार पर्याप्त पानी का स्तर बनाए रखना जरूरी होता है। हालांकि महम क्षेत्र में 29 एमएम बारिश होने से खेतों में नमी बढ़ी है और वहां के किसानों ने राहत महसूस की है।

### सांपला में झमाझम बारिश

सांपला। मानसून ने इलाके में पूरी रफ्तार पकड़ ली है। बुधवार को सुबह की उमस और तेज गर्मी के बाद मौसम ने अचानक करवट ली। दोपहर से शुरू हुई झमाझम बारिश रुक-रुककर शाम तक जारी रही। लगातार बारिश से कस्बे के कई हिस्सों में जलभराव हो गया, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में खरीफ सीजन की फसलों, विशेषकर धान की खेती करने वाले किसानों को राहत मिली है।मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 10 जुलाई तक मानसून सक्रिय रहने की संभावना है, जिससे अच्छी बारिश के आसार बने हुए हैं। रामपुरा कॉलोनी, वार्ड-2 की गलियों, झज्जर मार्ग तथा सांपला बाईपास स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर कई स्थानों पर पानी भर गया। जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान जलभराव से सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**गड्ढे में फंसी बस व ट्रॉली**







### पाइप लाइन के लिए खोदी सड़क ठीक नहीं कराई

**महम।** महम शहर के बरसाती व गंदे पानी की निकासी के लिए जनवरी व फरवरी माह में सीवरेज पाइप लाइन बिछाई गई थी। पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई थी। लेकिन पांच महीने बीत जाने के बाद भी महम में उखाड़ी गई सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। जिस कारण थोड़ी सी बारिश होते ही महम की सड़कों पर वाहन कीचड़ में फंस जाते हैं। वाहन चालकों, राहगीरों औरी यात्रियों को भारी परेशानी का सामान करना पड़ रहा है। नया बस स्टैंड चौक पर अब बारिश के मौसम में पेयजल पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। जिस कारण नया बस स्टैंड चौक, भराण रोड, दशहरा ग्राउंड रोड, फरमाणा चुंगी और सैमाण चुंगी रोड पर हालात बद से भी बदतर हो चुके हैं। बुधवार दोपहर को एक बजे से साढ़े तीन बजे तक बारिश का दौर चला। इस बरसात के कारण शहर की सड़कों के हालात बहुत ही खराब हो गए। सैमाण चुंगी के पास रोडवेज की एक बस कीचड़ में फंस गई। नया बस स्टैंड चौक पर एक अन्य रोडवेज बस और एक ट्रैक्टर फंस गए। इसी प्रकार दोपहर को जब स्कूलों की छुट्टी हुई तो राजकीय महाविद्यालय महम के पास प्राइवेट स्कूल की एक बस जमीन में धंस गई। महम निवासी दो बच्चों की मां को जब इस बात का पता चला कि महम कॉलेज के सामने उनके बच्चों के स्कूल की बस जमीन में धंस गई है, तो वह बच्चों को लेने मौके पर पहुंची। बच्चों की मां प्रवीन ने वहीं पर प्रशासन, सरकार और विधायक को जमकर कोसा।

## साइबर ठगों का कहर: दो खातों से उड़ा लिए 1.73 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में साइबर ठग लगातार लोगों को निशाना बना रहे हैं। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सामने आए दो मामलों में अज्ञात साइबर अपराधियों ने दो बैंक खातों से कुल 1.73 लाख रुपये उड़ा दिए। हैरानी की बात यह रही कि एक पीड़ित के मोबाइल पर न तो कोई ओटीपी आया और न ही किसी तरह का ट्रांजैक्शन अलर्ट मिला। दोनों पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी केस दर्ज

दोनों मामलों में संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस बैंक खातों की ट्रांजैक्शन डिटेल, यूपीआई रिकॉर्ड और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि साइबर अपराधियों की तलाश के लिए तकनीकी जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे अपने बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी और यूपीआई संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध ट्रांजैक्शन की तुरंत बैंक और साइबर हेल्पलाइन पर सूचना दें।

### केस-1 बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से बैलेंस चेक करते ही 74 हजार रुपये निकल गए

शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के गांव हसनपुर कला निवासी तथा वर्तमान में रोहतक की शास्त्री कॉलोनी में रहने वाले जयप्रकाश ने बताया कि 10 जून को वह अपने बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते का बैलेंस चेक कर रहे थे। इस दौरान उन्हें पता चला कि उनके खाते से 74 हजार रुपये निकल चुके हैं। उन्होंने तुरंत बैंक से संपर्क किया तो बैंक अधिकारियों ने बताया कि खाते से ट्रांजैक्शन आईडी के माध्यम से राशि निकाली गई है। इसके बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी।

### केस-2 न ओटीपी आया और न मैसेज, बैंक खाते से 99 हजार रुपये निकाल लिए गए

पीजीआई थाना क्षेत्र के श्रीनगर कॉलोनी निवासी राहुल गुप्ता भी साइबर ठगी का शिकार हो गए। राहुल ने पुलिस को बताया कि 24 जून को उनके बैंक खाते से 99 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से निकाल लिए गए। उन्होंने बताया कि इस दौरान उनके मोबाइल पर न तो कोई ओटीपी आया और न ही किसी प्रकार का बैंक संदेश प्राप्त हुआ। खाते से रकम निकलने की जानकारी बाद में बैंक रिकॉर्ड देखने पर मिली।

## 26 को शिक्षा मंत्री के समक्ष रखी जाएंगी कॉलेज शिक्षकों की मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** एसोसिएशन की इकाई बैठक को सम्बोधित करते एचजीसीटीए के प्रदेशाध्यक्ष राजेश रांझा।

हरियाणा गवर्नमेंट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (एचजीसीटीए) ने 26 जुलाई को करनाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के समक्ष शिक्षकों की विभिन्न मांगें रखने का निर्णय लिया है। इसे लेकर बुधवार को राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रोहतक में एसोसिएशन की स्थानीय इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एचजीसीटीए के प्रदेशाध्यक्ष राजेश रांझा ने स्थानीय इकाई के सदस्यों को करनाल कार्यक्रम में भाग लेने का निमंत्रण दिया और शिक्षकों से सुझाव भी आमंत्रित किए। स्थानीय इकाई के अध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि शिक्षा मंत्री के समक्ष मुख्य रूप से वेतनमान (स्केल) देने में ग्रामीण सेवा की अनिवार्यता समाप्त करने, समय पर स्केल जारी करने तथा सरकारी कॉलेज शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष करने की मांग रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि 26 जुलाई को करनाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में सरकारी कॉलेजों के प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर भाग लेंगे। बैठक में एचजीसीटीए के महासचिव अनिल कुमार, भूपेंद्र अहलावत, नीलम मंगला, नीति अहलावत, डॉ. सुभाष बल्हारा, डॉ. प्रदुमन, डॉ. सत्यवान, डॉ. नरेश, डॉ. निशा मलिक, डॉ. वीणा सचदेवा, डॉ. किरण शर्मा, डॉ. अंजू, डॉ. ज्योति, डॉ. फूल कुमार सहित बड़ी संख्या में नवनियुक्त सहायक प्रोफेसर उपस्थित रहे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### एमडीयू पहुंचे स्वामी राजेंद्र दास ने कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया को दिया आशीर्वाद

## शिक्षा और सामाजिक विकास पर की चर्चा

■ एमडीयू के शैक्षणिक विकास को मिलेगी नई दिशा: स्वामी राजेंद्र दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** तपोभूमि जटेला धाम, माजरा दूबलधन के पीठाधीश्वर महंत स्वामी राजेंद्र दास महाराज को सम्मानित करते वीसी प्रो. मिलाप पूनिया।

तपोभूमि जटेला धाम, माजरा दूबलधन के पीठाधीश्वर श्री महंत स्वामी राजेंद्र दास महाराज ने आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति कार्यालय पहुंचकर कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया को आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद का महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का कुलपति बनना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। स्वामी राजेंद्र दास महाराज ने कहा कि प्रो. मिलाप पूनिया के ज्ञान, अनुभव और शैक्षणिक नेतृत्व का लाभ न केवल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को मिलेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र के शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने स्वामी जी का विश्वविद्यालय आगमन पर स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति-चिह्न स्वरूप ओम भेंट किया। इस दौरान दोनों के बीच शिक्षा, शोध, सामाजिक सरोकारों तथा विश्वविद्यालय के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी तथा कुलपति के ओएसडी डॉ. रवि प्रभात भी उपस्थित रहे।

### सीसीटीवी व खुफिया नेटवर्क को किया जाएगा मजबूत

## शहर के हॉटस्पॉट पर पुलिस की पैनी नजर अब झगड़े व लूट वाले इलाकों में बढ़ेगा पहरा

■ गोहाना अड्डा से शीला बाइपास तक विशेष गश्त का प्लान

■ लूट, चोरी और झगड़ों वाले क्षेत्रों में होगी कड़ी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने अब अपराध के 'हॉटस्पॉट' चिन्हित कर एसपी गौरव राजपुरोहित ने विशेष रणनीति तैयार की है। शहर के जिन क्षेत्रों में सबसे अधिक झगड़े, लूट, चोरी और अन्य आपराधिक वारदातें सामने आई हैं, वहां पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। इन इलाकों में नियमित गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, रात्रि पेट्रोलिंग और खुफिया तंत्र को मजबूत करने की योजना बनाई गई है। पुलिस का मानना है कि अपराधियों पर लगातार नजर रखने और त्वरित कार्रवाई से वारदातों में कमी लाई जा सकती है। पुलिस की समीक्षा में रेलवे रोड, किला रोड, गोहाना अड्डा, इंदिरा कॉलोनी, दिल्ली बाइपास, शीला बाइपास, गौड़ कॉलेज के आसपास का क्षेत्र और माता दरवाजा ऐसे इलाके सामने आए हैं, जहां समय-समय पर झगड़े, छीना-झपटी, चोरी और लूट की घटनाएं अधिक दर्ज हुई हैं। इन्हीं स्थानों को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने विशेष निगरानी का निर्णय लिया है।

### आमजन से मांगा सहयोग



एसपी गौरव राजपुरोहित

पुलिस अधीक्षक एसपी गौरव राजपुरोहित ने लोगों से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। छोटी-सी सूचना भी बड़ी वारदात को रोकने में मददगार साबित हो सकती है। अधिकारियों का कहना है कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस और आमजन के बीच बेहतर तालमेल बेहद जरूरी है। पुलिस का दावा है कि चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर अपराधियों पर लगातार दबाव बनाया जाएगा। नियमित गश्त, तकनीकी निगरानी और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से झगड़े, लूट और चोरी जैसी वारदातों में कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### अब अपराधी भीड़ का फायदा नहीं उठा पाएंगे

गोहाना अड्डा हमेशा से शहर का व्यस्त इलाका रहा है। यहां बसों, बाजार और बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही के कारण अपराधी भी भीड़ का फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। जेबतराशी, झगड़े और चोरी की घटनाओं को देखते हुए यहां पुलिस की मौजूदगी और गश्त बढ़ाई जाएगी।

### इंदिरा कॉलोनी और माता दरवाजा पर विशेष नजर

इंदिरा कॉलोनी और माता दरवाजा क्षेत्र में भी पिछले कुछ समय के दौरान मारपीट और आपराधिक घटनाओं के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने इन क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय लोगों से संवाद बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत देने की अपील की है।

### कॉलेज के आसपास सख्ती

गौड़ कॉलेज के आसपास भी झगड़े और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की शिकायतें सामने आने के बाद पुलिस ने इस क्षेत्र को भी संवेदनशील सूची में शामिल किया है। कॉलेज समय के दौरान पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने और एंटी-रोमियो तथा गश्ती टीमों को सक्रिय रखने की योजना बनाई गई है।

### रात्रि गश्त होगी तेज

दिल्ली बाइपास और शीला बाइपास पर वाहन चोरी, लूट और राहगीरों से वारदातों की घटनाओं को देखते हुए रात के समय विशेष गश्त की योजना बनाई गई है। इन मार्गों पर आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की जांच के लिए समय-समय पर नाकाबंदी भी की जाएगी।